## न्यूज ब्रीफ

### प्लांट से लाखों के एल्युमिनियम तार चोरी

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** बरेली-बदायूं रोड स्थित अखा गांव के पास बने एक प्लांट को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोर लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। लखीमपुर खीरी के थाना कोतवाली मैगलगंज क्षेत्र के गांव भवानीगंज निवासी सिक्योरिटी इंचार्ज सूरज मिश्रा ने तहरीर में बताया कि वह धारीवाल बिल्डटेक लिमिटेड कंपनी के प्लांट में तैनात हैं। बीती 25 मार्च की रात अज्ञात चोर प्लांट की चारदीवारी पर लगी नेट काटकर अंदर घुस आए और वहां से एल्युमिनियम विद्युत तार के तीन बंडल चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 7 लाख रुपये बताई जा रही है। मामले में पीड़ित की ओर से थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की गई है।

### गोकशी में महिला गिरफ्तार, तीन फरार

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** शादी में बेचने के लिए संरक्षित पशु की हत्या के मामले में पुलिस ने गृह स्वामिनी महिला को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने महिला को जेल भेज दिया। महिला के फरार तीन बेटो की तलाश में में पुलिस ने दबिश दी। लेकिन पुलिस के हाथ नहीं लग सके। शनिवार की शाम को घर में गोवंश की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने महिला गुड्डी को पकड़ लिया। गुड्डी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसके बेटे जंगल से संरक्षित पशु को पकड़ लाते हैं और घर में ही काटकर मांस बेच देते हैं।

### सम्मेलन में बढ़ चढ़कर शामिल हों कर्मचारी

**शेरगढ़, अमृत विचार :** पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन की बैठक में यूनियन के जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह ने यूनियन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने 12 अप्रैल को लखनऊ में होने वाले यूनियन के सम्मेलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। कहा कि संवर्ग को मानदेय में मात्र 6000 रूपए मिल रहे हैं। जिसमें जीवन यापन करना कठिन हो रहा है।

# धोबी तालाब की भूमि पर कब्जा नहीं होने पाए

- एडीएम की अध्यक्षता वाली जाँच कमेटी की आई रिपोर्ट
- धोबी तालाब की ज़मीन जलमग्न सहखातेदारों का कब्ज़ा नहीं

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** धोबी तालाब की ज़मीन जल मग्न है। तालाब के खाते के सह खातेदारों का कोई कब्ज़ा नहीं है।यह फाइंडिंग उस जाँच कमेटी की हैं, जिसको डीएम ने बनाया था। जाँच रिपोर्ट आने पर डीएम ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

गुज़री 20 सितम्बर 2025 को नगर पालिका के सभासदों ने समाधान दिवस में शिकायत की थी, कि धोबी तालाब पर आगे के हिस्से में कब्ज़ा किया जा रहा है। शिकायत में राजस्व विभाग के स्थानीय अमले की कारगुज़ारी को उठाया गया था, जिसपर डीएम ने तीन सदस्यों वाली जाँच कमेटी बनाई थी।जाँच कमेटी अपर जिलाधिकारी (न्यायियक )की अध्यक्षता में बनाई गई थी, जिसमें एसडीएम ( आंवला ) और तहसीलदार ( सदर ) को शामिल किया गया था।

मिली जानकारी के मुताबिक जांच में पाया गया कि राजस्व ग्राम शेखूपुर, परगना चौमहला, तहसील बहेड़ी स्थित गाटा संख्या 234 ( रकबा 0.986 हे. ) राजस्व अभिलेखों में श्रेणी-6-1 के अंतर्गत तालाब के रूप में दर्ज है। विभिन्न व्यक्तियों के नाम दर्ज इस भूमि में मौके पर नामजद व्यक्तियों का कोई वास्तविक कब्जा नहीं पाया गया। भूमि जलमग्न है।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, तालाब के पूर्व दिशा में नारायण नगला रोड स्थित है, जो मौके पर चालू है और उसके दोनों ओर आबादी बसी हुई है। तालाब और सड़क के बीच स्थित त्रिभुजाकार भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। इसी हिस्से पर दूसरे गाटा के बैनामेदारों द्वारा अनधिकृत कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस भूमि के लिए सभासदों की हुई बैठक भी बेअसर होती दिख रही है।

### डीएम ने दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने जांच आख्या के आधार पर उप जिलाधिकारी बहेड़ी और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिए हैं कि मामले में नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि तालाब की भूमि पर अतिक्रमण न हो।

## अफीम तस्कर को 19 माह 19 दिन की कैद

**विधि संवाददाता, बरेली :** 15 वर्ष पहले अफीम तस्करी के आरोपी थाना सुभाषनगर राजीव कॉलोनी निवासी संजय कश्यप ने अदालत में जुर्म कबूल कर लिया। सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि संजय के पास से जीआरपी जंक्शन ने 26 अक्टूबर 2011 को 300 ग्राम अफीम बरामद की थी। मुल्जिम ने अदालत में जुर्म कबूल करते हुए गुहार लगाई कि उससे गलती से अपराध हो गया। दोबारा कभी अपराध नहीं करेगा। अदालत ने दोषी पाते हुए 1 वर्ष 7 माह 19 दिन कारावास व 4 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी।

# चकबंदी टीम ने लगाया शिविर, ग्रामीण संतुष्ट नहीं

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त के निर्देश पर शिकायतों के निस्तारण को रहपुरा जागीर पहुंची चकबंदी टीम की कार्यवाही से ग्रामीण असंतुष्ट हैं

गांव निवासी तीरथ राम शिवराज,सर्वेश, कृष्णपाल, छेदा लाल,अनुपाल, लालमन,सुरेश कश्यप,जगपाल, नरेश कुमार आदि ने चकबंदी के दौरान चकमार्ग नहीं बनाए जाने और गांव बल्ला कोठा निवासी कृष्णपाल, वीरेंद्र,छोटेलाल ने चक पूरा करने की शिकायत की थी ।जिस पर आयुक्त ने चकबंदी अधिकारी को कृषकों की समस्या निस्तारण का निर्देश दिया था। सोमवार को सहायक चकबंदी अधिकारी शिल्पी ब्रह्मवात की अगुवाई में लेखपाल कमल सागर अभिषेक कुमार गांव पहुंचे। शिकायत कर्ताओं को पंचायत घर में बुलाकर समस्या सुनी। पैमाईश के लिए टीम भेजी। शाम तक पूर्ण समस्या का समाधान नहीं हो सका। शिल्पी ब्रह्मवात ने बताया कई समस्याएं है। एक दिन में सभी का समाधान होना मुश्किल है। दुबारा टीम भेजकर समस्या का समाधान किया जाएगा।

# पानी निकासी को लेकर मारपीट, 13 पर रिपोर्ट

## धौराटांडा में दो गुट आमने-सामने, एक दूसरे पर कराई रिपोर्ट

- लंबे समय से भूमि पर 12 परिवारों के घर का गंदा पानी जा रहा था प्रापर्टी डीलर ने ले ली है जमीन

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचार :** भोजीपुरा क्षेत्र के कस्बा धौराटांडा में निजी जमीन से पानी निकासी के विवाद को लेकर दो गुट आमने-सामने आ गए और उनमें जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार, अब्दुल वकील, कफील अहमद और तौफीक अहमद की आबादी के पास करीब 18 बीघा जमीन थी, जिसे उन्होंने संचित गंगवार, जुल्फिकार अहमद, दिनेश पाल सिंह और वकील अहमद समेत अन्य को बेच दिया। इस जमीन से लंबे समय से 10-12 परिवारों के घरों का गंदा पानी निकल रहा था। जमीन खरीदने के बाद संचित गंगवार आदि प्रॉपर्टी डीलरों ने मिट्टी डालकर प्लाटिंग शुरू की, जिसका कस्बावासियों ने विरोध कर काम रुकवा दिया।

इसी विवाद को लेकर दोनों गुटों में तनाव बढ़ा और मारपीट हो गई। आरोप है कि संख्या अधिक होने पर एक पक्ष जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

पूर्व चेयरमैन वकील अहमद की तहरीर में बताया गया कि उनका भाई सगीर अहमद प्लाटिंग स्थल से घर लौट रहा था, तभी मोहम्मद हारून, नाजिम, कासिब समेत नौ-दस लोगों ने उसे घेरकर लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया।

वहीं दूसरे पक्ष के अरमान ने आरोप लगाया कि 25 मार्च को वह दुकान जा रहे थे, तभी वकील अहमद, सगीर अहमद, वसीम अहमद और अतीक अहमद ने उन्हें घेरकर पीटा और घसीट ले गए। आरोप है कि वसीम अहमद ने चाकू मारकर घायल किया।

पुलिस ने वकील अहमद की ओर से मोहम्मद हारून, नाजिम, कासिब समेत अन्य के खिलाफ और अरमान की तहरीर पर पूर्व चेयरमैन वकील अहमद सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चुनाव के लिए वकीलों ने दावेदारी पेश की

संवाददाता, आंवला



आंवला बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए महासचिव के लिए नामांकन करते प्रत्याशी।

- चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार दावेदार मैदान में उतरे

**अमृत विचार :** आंवला बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की सूची जारी होने के साथ ही अधिवक्ताओं के बीच चुनावी हलचल तेज हो गई है। विभिन्न महत्वपूर्ण पदों के लिए कई अनुभवी और युवा वकीलों ने अपनी दावेदारी पेश की है। अध्यक्ष पद के लिए चार व महासचिव के लिए तीन प्रत्याशियों ने दावेदारी पेश की है। मुख्य चुनाव अधिकारी सुदेश कुमार शर्मा एडवोकेटऔर ललित कुमार शर्मा एडवोकेट, राजेन्द्र मौर्य , कृष्ण पाल मौर्य के निर्देशन में नामांकन की प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ पूरा किया । चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए अगर पाल सिंह, अनेक पाल सिंह, कुंवरपाल सिंह और बृजपाल श्रीवास्तव मैदान में हैं। जबकि महासचिव पद के लिये अवनीश तिवारी, गजेन्द्र पाल सिंह और नेमचन्द्र राना अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। संयुक्त सचिव पुस्तकालय के लिए राधाकृष्ण एडवोकेट, परमानन्द मौर्य की बीच मुकाबला है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद के लिए अनीसुर्रहमान खान और पदम सिंह ,कोषाध्यक्ष के लिए राकेश कुमार, राजपाल मौर्य और रामदुलार मौर्य चुनाव मैदान में डटे हैं।

कार्यकारिणी सदस्यों के लिए भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। कनिष्ठ कार्यकारिणी के लिए आरिफ हुसैन, ओमवीर शाक्य और कुलदीप सिंह सहित कई युवाओं ने नामांकन किया है ।

वहीं, वरिष्ठ कार्यकारिणी में उमेश सिंह चौहान और प्रेमपाल मौर्य सहित अनुभवी चेहरे चुनावी मैदान में हैं।

## प्रधानों और सफाई कर्मियों के साथ की बैठक

**शेरगढ़, अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता को लेकर ग्राम प्रधानों,पंचायत सचिवों,पंचायत सहायकों,पंचायत सफाई कर्मियों के साथ जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एक अप्रैल से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने का आवाह्न किया गया। सोमवार को ब्लॉक सभागार में हुई जागरूकता बैठक में एडीओ पंचायत राजीव शर्मा ने कर्मचारियों को गांवों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान बीसीपीएम अनीता विश्वकर्मा ने आयुष्मान कार्ड बनवाने और एचपीवी टीकाकरण को प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रेम गंगवार गंगवार, लाल बहादुर सिंह,राम नरेश,प्रेम प्रकाश शर्मा, श्रद्धा श्रीवास्तव,मोहम्मद फिराज,अरविंद कुमार मौर्य,देवेंद्र आदि रहे।

# मेधावियों का सम्मान, परीक्षाफल पाकर चेहरे खिले

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मन्दिर में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता भी सम्मानित किये गये ।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं- तनिश बाबू, संजना, आनन्द, प्रियल साहू, आर्यनपाल, प्रज्ञा, वंशिका, शिप्रा आदि को उनके अभिभावकों सहित मंच पर पुरस्कृत किया गया। अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले छात्र तनिश बाबू और छात्रा संजना गंगवार को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य एवं संगीताचार्य रामवीर सिंह यादव के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें विदाई दी गई। प्रधानाचार्य लाल बहादुर गंगवार ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रेमशंकर प्रेमी, मुख्य वक्ता हरीश गंगवार और कार्यक्रम अध्यक्ष गोपाल सिंह यादव सहित दीपक सक्सेना सुरेश आर्य, दुष्यंत गंगवार,गंगास्वरूप और सोमपाल गंगवार आदि रहे।



सरस्वती शिशु मंदिर के मेधावी बच्चों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

**मेधावियों का सम्मान, पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित**

**बिशारतगंज।** सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल घोषणा के साथ पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक राजकुमार मौर्य, अध्यक्ष प्रदीप मित्तल व प्रधानाचार्य सतीश गंगवार ने किया। इस दौरान वार्षिक परीक्षा व विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**टाप करने पर कृतिका सम्मानितः फरीदपुर।** लाइसियम कॉन्वेंट स्कूल में रिजल्ट वितरण कार्यक्रम में विद्यालय में कक्षा चार की छात्रा कृतिका सिंह 99.61फीसदी अंक पाकर स्कूल में टाप किया। सोमवार को हुए समारोह कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय आए छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय टॉप करने वाली कृतिका सिंह को प्रिंसिपल धर्मेंद्र चौहान ने पुरस्कृत किया। प्रथम आए कक्षा एक आयुषी चावला, कक्षा द्वितीय रश्मि सागर, कक्षा तृतीय श्रद्धा ,कक्षा 5 सुगंधा ,कक्षा 6 आयुष चावला, कक्षा 7 दिव्यांश कुमार ,कक्षा 8 अंशिका तथा एन सी से त्रिशिका शर्मा , एल केजी आर्यांश चंदेल यू केजी से अभय गंगवार को एवं द्वितीय व तृतीय आए बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

**वार्षिकोत्सव में बच्चों ने किया मंचनः फतेहगंज पश्चिमी।** सोमवार को इलाके के उच्चतर प्राथमिक विद्यालय खिरका में वार्षिकोत्सव के दौरान बच्चो ने सांस्कृतिक मंचन करके सभी का मन मोह लिया। ग्राम प्रधान और प्रधानाचार्य ने पुरस्कार वितरण किया। ग्राम प्रधान जितेन्द्र गंगवार,धर्मपाल सिंह,प्रधानाचार्य हरीश बाबू ने प्रथम रहने वाले और सांस्कृतिक मंचन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया।सीमा अग्रवाल, प्रीती चौधरी,सीमा रस्तोगी संजीत प्रकाश सक्सेना,ओंकार शरण,मुक्ता अग्रवाल,समर पाल गंगवार,ज्ञान प्रकाश, कुसुमलता एवं रामभरोसे आदि रहे।

### वसुंधरा इंटर कॉलेज में मेधावी हुए पुरस्कृत

**सिरौली, अमृत विचार :** वसुंधरा इंटर कॉलेज में सोमवार को अभिभावक-अध्यापक बैठक हुई। कार्यक्रम के दौरान कक्षा प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा 9 और कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं के वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेधावियों का उत्साहवर्धन करने के लिए विशेष पहल की गई। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और पंचम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबंधित कक्षा अध्यापकों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## गर्भवती को पीट कर निकाला, केस दर्ज

**फरीदपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के रेशम बाग बकैनिया निवासी शीतल पुत्री रामविलास का विवाह मोहल्ला परा निवासी अरुण पुत्र लालाराम के साथ पिछले साल 22 मई को हुआ था। परिजनों ने शादी में लगभग 15 लाख खर्च किया था शादी के बाद से पति अरुण जेठ विशाल, सास तुलसी देवी, चचिया ससुर बबलू , मामिया ससुर वीरेंद्र ,उसे कम दहेज लाने के लिए परेशान करते हैं । 11 नवम्बर को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# अधिवक्ता दिनेश सूर्य को मिली जमानत

**बहेड़ी, अमृत विचार :** वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश सूर्य को अदालत से ज़मानत मिल गई। 26 मार्च को सिविल जज ( जूनियर डिवीज़न ) की अदालत ने उनको अंतरिम ज़मानत दी थी। सोमवार को उनकी रेगुलर ज़मानत की अर्ज़ी पर इसी अदालत में सुनवाई हुई। सोमवार को अदालत के अंदर बाहर गहमा गहमी का माहौल रहा। मुद्दई पक्ष की तरफ से अदालत में पैरवी को रुद्रपुर से 4 अधिवक्ता यहां आए थे। बहेड़ी बार का कोई भी वकील, अपनी बार के वरिष्ठ सदस्य के खिलाफ नहीं खड़ा हुआ।

वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश सूर्य के खिलाफ 6 जनवरी को नौगवां के सेवा राम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें कूट रचित दस्तावेज़ तैयार कर विक्रेता रश्मि सिंह को गुमराह कर बैनामा करा लेने का आरोप लगाया था। सोमवार को यह मामला फिर अदालत में पेश हुआ। मुद्दई सेवा राम की तरफ से ज़मानत का विरोध करने रुद्रपुर के अधिवक्ता नवजोत अपने तीन साथियों के साथ आए थे। अदालत में ज़ोरदार बहस हुई। दिनेश के अधिवक्ता कृष्ण अवतार शर्मा और मनोज जौहरी का तर्क था कि विवेचक विक्रेता को कहीं सामने लाए ही नहीं, जबकि बेचने वाला कागज़ात देता है, और ज़िम्मेदारी उसी की होती है। इस मामले में बैनामा निरस्तीकरण का मुकदमा पहले से ही इसी अदालत में चल रहा है। दोनों पक्ष की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया, और फिर शाम को ज़मानत दे दी।

# नेशनल पब्लिक स्कूल में निहारिका रहीं टॉपर




स्कूल में प्रबंधन ने निहारिका को पुरस्कृत किया। ● अमृत विचार

**बहेड़ी, अमृत विचार :** नेशनल पब्लिक स्कूल में आज स्टूडेंट्स को रिजल्ट कार्ड बांटे गए। क्लास 6 की छात्रा निहारिका ने स्कूल टॉप किया। उसने 98 प्रतिशत नम्बर हासिल किए।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने विद्यालय की प्रगति पर रिपोर्ट पेश की। क्लास में फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड पोजीशन पर रहने वाले छात्रों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिए गए। यह पुरस्कार स्वर्गीय उमेश कुमार गर्ग चैरेटेबिल ट्रस्ट की ओर से दिए गए। क्लास 6 में निहारिका ने फर्स्ट, शिवांगी ने सेकेंड और दिव्यांशी ने थर्ड पोजीशन हासिल की। क्लास 7 में सोनाक्षी ने पहला, आयुष पाल ने दूसरा और शैरिफ़ जमाल ने तीसरा स्थान पाया। क्लास 8 में वैभव पहले,तनिष्का दूसरे और हनी तीसरे स्थान पर रही। क्लास 9में अनिका सहाय ने फर्स्ट रैंक हासिल की।सुनैना और अंशिका दूसरे और तीसरे नम्बर पर रहीं।इन सभी स्टूडेंट्स को कॉलेज प्रबंध समिति के सदस्यों ने पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिए।

स्कूल प्रबंधक सरदार निरंजन सिंह ने सभी छात्रों को बधाई दी। कोषाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने प्रिंसिपल और स्टाफ से बच्चों को अपना 100 प्रतिशत देने को कहा। प्रबंध समिति सदस्य विवेक गर्ग ने छात्रों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। इस मौके पर प्रबंध समिति के अज़ीज़ अहमद, दर्शन सिंह,डॉक्टर एल सी सरकार, गौरव मित्तल, सुरेंद्र सिंह व जोगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### गॉडविन पब्लिक स्कूल में हुआ रिजल्ट और पुरस्कार वितरण समारोह

**बहेड़ी,अमृत विचार :** गॉडविन पब्लिक स्कूल में हुए रिजल्ट व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मेधावी को पुरस्कृत किया गया। क्लास में पहली पोजीशन हासिल करने वाले छात्रों को मैडल पहना कर सम्मानित किया गया। सोमवार को हुए कार्यक्रम में कक्षा तीन से पांच के ग्रुप में अभिनव व हिबा आमीना ने टॉप किया। क्लास 6 से 8 के ग्रुप में आराध्या गंगवार टॉप पर रहीं, जबकि क्लास 9 से क्लास 11 के ग्रुप में अलंकृता गंगवार ने टॉप किया। 100 परसेंट अटेंडेंस में कक्षा 3 के अभिनव,कक्षा 4 की गौसिया फातिमा और कक्षा 5 की सौम्या कुमारी को इनाम दिया गया। स्कूल के प्रबंधक रंजीत सिंह ने टॉपर्स को मैडल पहनाकर सम्मानित करते हुए अपनी इस रफ्तार को और बढ़ाने का आह्वान किया।





सुविचार



यदि आप सचमुच परिणाम की चिंता करते हैं, तो बहुत हद तक ये पक्का है कि आप उसे पा लेंगे।
-विलियम जेम्स

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली के प्रमुख समाचार
- फर्जी कॉल सेंटर खोल गेमिंग व बेटिंग एप से करोड़ों की ठगी-II
- महावीर जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा-III
- मेहनत की कलम से लिखी सफलता की इबारत-IV

बरेली, मंगलवार, 31 मार्च 2026


### सिटी ब्रीफ

#### सीएम डैशबोर्ड की लगातार करें मॉनिटरिंग

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग की सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा की। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड की लगातार मॉनिटरिंग करें, जिससे जनपद की रैंक बनी रहे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। कहा कि स्टाम्प एंड रजिस्ट्रेशन की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी, इसमें शीघ्र सुधार करें। न्यायालयों में लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे आदि मौजूद रहे।

#### तेज धूप के साथ गर्मी ने किया परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में सोमवार को मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। दिन भर तेज और चटक धूप के साथ चल रही हवाओं ने गर्मी का एहसास कराया। अधिकतम तापमान 35.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों तापमान सामान्य से अधिक महसूस हुए। देर शाम चली हवाओं ने हल्की राहत का एहसास कराया। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार ने बताया कि मंगलवार को मौसम में आंशिक बदलाव की संभावना है। हल्की बूंदाबांदी के आसार जताए गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में उतार-चढ़ाव में लोगों को सेहत का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। तेज धूप के दौरान बाहर निकलने से बचने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी गई है।

### शहर में आज

- नगर निगम के मीटिंग हाल में संभव जनसुनवाई सुबह 10 से 2 बजे तक।
- जिला ओलंपिक संघ की ओर से फ्यूचर यूनिवर्सिटी में 54 वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से।
- क्राइस्थ मेथोडिस्ट चर्च में आराधना शाम 5:30 बजे।

## राहत : उर्स से पहले खुलेगा चौपुला-किला मार्ग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 15 अप्रैल तक मार्ग पर यातायात सुचारू हो जाएगा, अभी एक लेन पर ट्रैफिक
- 1200 मीटर सड़क बन चुकी सिटी स्टेशन के पास नाली निर्माण चल रहा

**अमृत विचार :** चौपुला-किला मार्ग पर 15 अप्रैल से यातायात पूरी तरह से सुचारू कर दिया जाएगा। 1200 मीटर सीसी रोड का निर्माण पूर्ण हो चुका है। केवल सिटी स्टेशन के समीप नाली निर्माण कार्य शेष है। सड़क को खोलने के पीछे शासन का निर्देश और 15 अप्रैल को मथुरापुर मदरसे में होने वाला भव्य उर्स भी है। उर्स में लाखों जायरीन शामिल होते हैं। प्रशासन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या जाम की स्थिति मोल नहीं लेना चाहता।

पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता भगत सिंह के अनुसार शासन ने स्पष्ट किया है कि उर्स से पहले सड़क हर हाल में चालू होनी चाहिए, ताकि जायरीन को आवाजाही में कोई असुविधा न हो। लिहाजा, विभाग का पूरा जोर सड़क को अंतिम रूप देने पर है, ताकि तय सीमा पर मार्ग खोला जा सके। अभी एक ही लेन से ट्रैफिक गुजर रहा है। इसकी वजह से जाम के हालात बने रहे हैं। मार्ग पर ट्रैफिक शुरू होने पर लोगों को जाम से निजात मिलेगी। पीडब्ल्यूडी के तय समय से पहले काम पूरा करने के इस प्रयास से उम्मीद जगी है कि इस बार उर्स के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त रहेगी।

### नावल्टी चौराह पर लगा जाम, परेशानी से जूझे लोग



सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों की वजह से सोमवार को नावल्टी चौराहे पर जाम लग गया। वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी से जूझना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई के बाद भी लोग सड़क किनारे वाहन खड़े कर रहे हैं। इससे ट्रैफिक थम रहा है। नावल्टी चौराहे से महादेव पुल तक जाम के हालात बन रहे हैं। सिविल लाइंस समेत अन्य मार्केट में पार्किंग न होने के कारण समस्या बिकराल हो रही है। दरअसल, लोग बाजार में खरीदारी करने आते हैं और वाहन सड़क किनारे खड़े कर देते हैं। ● अमृत विचार

## सथरापुर में कूड़े से बनेगी गैस, लगेगा सीबीजी प्लांट

### मंडलायुक्त की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी की बोर्ड बैठक में वेस्ट-टू-एनर्जी प्रोजेक्ट को हरी झंडी, ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- खुले वाहनों में नहीं क्लोज्ड कंटेनर में ढोया जाएगा शहर का कचरा
- धार्मिक स्थलों के फूलों और नारियल के लिए विशेष निस्तारण प्लांट

**अमृत विचार :** कमिश्नर सभागार में सोमवार को बरेली स्मार्ट सिटी लिमिटेड की बोर्ड बैठक में शहर के भविष्य को लेकर कई क्रांतिकारी निर्णय लिए गए। बैठक का मुख्य केंद्र 'सिटीज 2.0' परियोजना और कचरा प्रबंधन रहा। बैठक में सबसे महत्वपूर्ण फैसला सथरापुर में 100 टन क्षमता का कंप्रेस्ड बायो-गैस (सीबीजी) प्लांट स्थापित करने का लिया गया। यह प्लांट न केवल बरेली के गीले कचरे, गोबर और स्लज का वैज्ञानिक निस्तारण करेगा, बल्कि शहर को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

बैठक के दौरान ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते वैश्विक तनाव और एलपीजी जैसे ईंधनों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता पर भी चर्चा हुई। बोर्ड का मानना है कि वैश्विक संकट के समय बाहरी ईंधनों पर निर्भरता कम करने के लिए स्थानीय स्तर पर बायो-गैस जैसे विकल्पों को बढ़ावा देना समय की मांग है। इसी सोच के साथ बरेली में अब गीले कचरे और गोबर से सीबीजी गैस बनाने का खाका खींचा गया है। अधिकारियों ने बताया कि सथरपुर में बनने वाला आधुनिक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट एक रोल मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां कचरे को ''कंचन'' (ऊर्जा) में बदलने की प्रक्रिया पूरी तरह वैज्ञानिक और पर्यावरण अनुकूल होगी।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त भूपेंद्र .एस चौधरी। ● अमृत विचार

बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बोर्ड ने कूड़ा उठान के पारंपरिक तरीकों में बड़े बदलाव को हरी झंडी दी। बरेली की सड़कों पर कचरा ढोते हुए खुले वाहन नजर नहीं आएंगे, बल्कि ''क्लोज्ड कंटेनर सिस्टम'' लागू किया जाएगा। इसके लिए स्मार्ट सिटी फंड से नए और आधुनिक वाहनों की खरीद की जाएगी। कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी ने निर्देश दिए कि शहर से रोजाना निकलने वाले 450 मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण शत-प्रतिशत किया जाए। इसके अलावा, धार्मिक स्थलों से निकलने वाले फूलों और नारियल के छिलकों के लिए अलग से विशेष निस्तारण प्लांट लगाने की योजना पर भी सहमति बनी, जिससे पवित्र कचरे का सम्मानजनक प्रबंधन हो सके।

बैठक के अंत में स्मार्ट सिटी के सीईओ संजीव कुमार मौर्य ने ''सिटीज 2.0'' का विस्तृत प्रजेंटेशन दिया और परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट साझा की। सीईओ ने स्पष्ट किया कि बोर्ड का पूरा फोकस अब उन परियोजनाओं पर है जो सीधे तौर पर पर्यावरण और जनता की सुविधा से जुड़ी हैं। बैठक में बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए., अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय समेत कई अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## जिले में एलपीजी व तेल पर्याप्त अफवाहों से बचें

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में एलपीजी गैस और पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता होने के बावजूद अफवाहों से बचने की अपील की गई है।

जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार जिले में आईओसी, एचपीसी और बीपीसी की कुल 91 गैस एजेंसियां हैं, जहां 28 मार्च की शाम तक 42,836 एलपीजी सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध था। भरे हुए सिलेंडरों की गाड़ियां लगातार ट्रांजिट में हैं। जिले में 193 पेट्रोल पंपों पर 45,801 किलोलीटर पेट्रोल और 32,894 किलोलीटर डीजल उपलब्ध है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ईंधन को लेकर किसी प्रकार की कमी नहीं है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की गई।

## मौसम की मार... मरीजों का आंकड़ा 2500 पार



जिला अस्पताल में दवा काउंटर पर लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला अस्पताल में सर्दी-जुकाम और बुखार रोगियों की भरमार

**अमृत विचार :** दिन में गर्मी तो रात में ठंडक हो रही है। मौसम का यह उतार-चढ़ाव लोगों को बीमारियों की गिरफ्त में ले रहा है। मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सोमवार को जिला अस्पताल में सर्दी-जुकाम, बुखार और जोड़ों के दर्द के मरीजों की संख्या अधिक रही। ओपडी में मरीजों का आंकड़ा 2500 के पार पहुंच गया।

शनिवार को ओपीडी में 2300 मरीज पहुंचे थे। जबकि रविवार को सीएचसी और पीएचसी पर करीब 3300 मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। डॉक्टरों के अनुसार मौसम में बदलाव के चलते संक्रमण तेजी से फैल रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा असर पड़ रहा है। बीते कुछ दिनों से ओपीडी में मरीजों की संख्या में तेजी आई है। एडीएसआईसी रमेश चंद्र दीक्षित ने बताया कि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। मरीजों को समय पर इलाज और दवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समय सावधानी बरतने की जरूरत है। सफाई का विशेष ध्यान रखें। साफ और ताजा खाना खाएं। खाने से पहले हाथ जरूर धोएं और बाहर की चीजों से परहेज करें।

### ओपीडी में युवती बेहोश होकर गिरी

जिला अस्पताल में दवा लेने आई युवती की तबीयत अचानक बिगड़ गई। वह बेहोश होकर गिर पड़ी। यह देख वहां लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ देर में युवती को होश आ गया। डॉक्टर को दिखाकर उसे दवा दिलाई गई।

### नहीं मिली व्हीलचेयर दिव्यांग घिसटते हुए पहुंचे शिविर

सोमवार को जिला अस्पताल में आयोजित दिव्यांग शिविर में अव्यवस्थाएं हावी रहीं। प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तमाम दिव्यांग आए, लेकिन व्हीलचेयर न मिलने के कारण वह किसी तरह घिसटते हुए शिविर तक पहुंचे। तेज धूप में कुछ दिव्यांग परेशान होते रहे। दिव्यांगों ने बताया कि जिला अस्पताल के मेन गेट से उन्हें अंदर आना होता है। जबकि दिव्यांग शिविर के पास में ही गेट है। अगर उसे खोल दिया जाए तो इससे उन्हें राहत मिलेगी। लेकिन अस्पताल प्रबंधन के लोग उसमें जंजीर लगाकर रखते हैं। इससे दिव्यांगों को वहां से अंदर आने में दिक्कत होती है।

## एयरफोर्स गेट के पास से डेयरियां हटाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- डीएम ने नगर निगम को अवैध डेयरियों को हटाने के निर्देश दिए

**अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने नगर निगम को एयरफोर्स गेट के पास अवैध डेयरियों को हटाने के आदेश दिए हैं। डीएम ने कहा कि पुलिस प्रशासन के सहयोग से अभियान चलाएं। निजी स्कूलों में नदी संरक्षण, स्वच्छता, सफाई अभियान, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर जागरुकता के लिए कार्यक्रम आयोजित करने को कहा।

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला पर्यावरण समिति, वृक्षारोपण समिति व गंगा समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड को निर्देश दिये कि रामगंगा के फ्लड प्लेन एरिया के निर्धारण के लिए चिन्हित ग्रामों व क्षेत्रों में निर्माण कार्य प्रतिबंधित करें। मीरगंज के नाहल नदी व आंवला तहसील के अरिल नदी के जीर्णोद्धार व कायाकल्प के लिए संबंधित विभाग अपनी कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत करें। पौधरोपण को लेकर निर्देश दिये कि अधिकारी वर्ष 2026 के पौधरोपण लक्ष्यों के सापेक्ष अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत करें। 2025 में रोपित किये पौधों की स्थिति का भी निरीक्षण करें। 2020, 2021 व 2022 में रोपित पौधों का थर्ड पार्टी से मॉनिटरिंग कराएं। बैठक में सीडीओ देवयानी, डीएफओ दीक्षा भंडारी, उपायुक्त श्रम रोजगार, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड, जिला उद्यान अधिकारी, नगर पालिका व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।

### जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण प्लांटों की होगी जांच

डीएम ने निर्देश दिये कि जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निस्तारण करने वाली एजेंसियों के प्लांट एवं उसकी कार्यवाही का निरीक्षण करें। इसके लिए पुलिस, नगर निगम, मजिस्ट्रेट, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम बनाएं। तहसील व नगर निकायों में उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारियों की टीम बनाकर अस्पतालों व हेल्थ केयर फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण करें। सुबह- शाम सड़कों पर की जा रही सफाई का भी निरीक्षण करें। स्वीपिंग के लिए मार्गों के अनुसार रोस्टर तैयार करें।

## बंद स्लॉटर हाउस में पार्किंग व्यवस्था कराने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे की अध्यक्षता में जिला व्यापार बन्धु समिति की मासिक बैठक हुई। जिसमें व्यापारियों ने फिर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। इस पर नगर निगम को निर्देश दिए कि पुलिस विभाग का सहयोग लेकर अतिक्रमण को शत प्रतिशत हटवाया जाए।

व्यापारियों ने कहा कि कुतुबखाने पर स्थित स्लॉटर हाउस कई सालों से बंद पड़ा है, वहां पर पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, जिस पर अपर जिलाधिकारी नगर में स्लॉटर हाउस में पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश नगर निगम को दिए। व्यापारियों बताया कि शिवाजी मार्ग से आलमगिरीगंज तक सड़क डाल दी गई , मगर इसकी साइड पटरी अभी तक नहीं डाली गई है। हालांकि, नगर निगम ने तीन माह के भीतर साइड पटरी का कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया है।

## नवी मुंबई से आई पहली फ्लाइट, यात्रियों का स्वागत



यात्रियों के साथ केक काटते निदेशक अवधेश अग्रवाल व इंडिगो के अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सिविल एन्क्लेव (बरेली एयरपोर्ट) से सोमवार को बरेली-नवी मुंबई के लिए फ्लाइट शुरू हो गयी। पहले दिन नवी मुंबई से आई फ्लाइट के यात्रियों का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया।

अपने निर्धारित समय दोपहर 1.30 बजे से छह मिनट देरी से फ्लाइट 138 यात्रियों को लेकर पहुंची। एयरपोर्ट पर यात्रियों का स्वागत किया गया। एयरपोर्ट टर्मिनल में निदेशक अवधेश अग्रवाल और इंडिगो एयरलाइंस के अधिकारियों की मौजूदगी में केक सेरेमनी मनायी गयी। एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि नवी मुंबई से फ्लाइट दोपहर 1.36 बजे बरेली पहुंचीं। करीब 56 मिनट रुकने के बाद फ्लाइट ने बरेली से 2.32 बजे नवी मुंबई के लिए उड़ान भरी। पहले दिन नवी मुंबई से 138 यात्री आए और बरेली से 173 यात्री रवाना हुए। 186 सीटर एयरक्राफ्ट से उड़ान शुरू हुई है। एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि नवी मुंबई की फ्लाइट सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को संचालित होगी। जबकि बेंगलुरू की फ्लाइट अब मंगलवार, गुरुवार और रविवार को संचालित होगी।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** जिला सैनिक बन्धु की बैठक चकबन्दी कार्यालय के सभागार में सोमवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दुबे ने की। बैठक में 12 पूर्व सैनिकों ने समस्याएं रखीं।

अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। पूर्व में लंबित 13 प्रार्थना पत्रों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 3 मामलों का निस्तारण संबंधित विभागों द्वारा कर दिया गया है, जबकि शेष मामलों की जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। संचालन कमांडर सतीश कुमार, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने किया।

मुश्किल | 31 मार्च की आधी रात से लागू होंगी टोल की नई दरें, नकद भुगतान की सुविधा होगी बंद

## जेब पर बढ़ेगा बोझ, फरीदपुर टोल प्लाजा पर कल से सफर महंगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 31 मार्च की आधी रात के बाद से नेशनल हाईवे पर सफर करना वाहन चालकों की जेब पर भारी पड़ने वाला है। टोल टैक्स में बढ़ोतरी के साथ ही नकद भुगतान की सुविधा को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा, जिसके बाद केवल डिजिटल माध्यमों से ही भुगतान स्वीकार्य होगा।

एनएचएआई बरेली डिवीजन के परियोजना निदेशक नवरत्न के अनुसार, हर साल आवश्यकतानुसार टोल दरों में वृद्धि की जाती है, लेकिन इस बार बरेली डिवीजन के अंतर्गत केवल फरीदपुर हाईवे पर दरों को बढ़ाया गया है। लखनऊ की ओर जाने वाले यात्रियों को अब फरीदपुर टोल प्लाजा पर कार, जीप और वैन के लिए एक तरफ की यात्रा का शुल्क 135 के बजाय 140 रुपये और वापसी पर 210 रुपये देना होगा। भारी वाहनों की श्रेणियों में भी शुल्क में वृद्धि की गई है। हल्के व्यावसायिक वाहनों के लिए अब एकल यात्रा का शुल्क 225 रुपये और वापसी पर 340 रुपये देना होगा। बस और ट्रक के लिए एकल यात्रा का शुल्क 460 से बढ़ाकर 475 रुपये (वापसी 710 रुपये) कर दिया गया है। इसी तरह थ्री-एक्सल वाहनों पर 515 रुपये (वापसी 775 रुपये) और मल्टी-एक्सल गाड़ियों के लिए 745 रुपये (वापसी 1115 रुपये) निर्धारित किए गए हैं। सेवन-एक्सल वाहनों के लिए यह दर 905 रुपये और वापसी में 1360 रुपये होगी। स्थानीय 20 किलोमीटर के दायरे वाले पास धारकों को भी अब 330 की जगह 360 रुपये का भुगतान करना होगा। आशंका है कि रोडवेज बसें जल्द ही अपना किराया बढ़ा सकती हैं। इसके अलावा नैनीताल रोड पर यूपी स्टेट हाईवे अथारिटी का टोल प्लाजा है। यहां भी दरों में मामूली बढ़ोतरी की गई है।



### लभेड़ा टोल प्लाजा पर बदलाव नहीं

राहत की बात यह है कि बरेली से पीलीभीत मार्ग पर रिठौरा के लभेड़ा टोल प्लाजा पर दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यहां वाहन स्वामियों को पुरानी दरों पर ही भुगतान करना होगा। टोल प्रबंधक प्रयांशु सचान के अनुसार, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के पिछले महीने के बदलावों के कारण यहां दरें पहले ही आधी की जा चुकी हैं, इसलिए इन्हें पूर्ववत रखा गया है। हालांकि, फरीदपुर में टोल बढ़ने का असर आम यात्रियों पर भी पड़ना तय माना जा रहा है।

# फर्जी कॉल सेंटर खोल गेमिंग व बेटिंग एप से करोड़ों की ठगी

## साइबर क्राइम टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर ठगी में इस्तेमाल सामान बरामद किया, फरार सरगना की तलाश की जा रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर की आशुतोष सिटी कॉलोनी में फर्जी कॉल सेंटर खोलकर बेटिंग और गेमिंग एप के जरिए साइबर ठगी कर रहा गिरोह पकड़ा गया है। ये गिरोह सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुका है। गिरोह के दो सदस्यों को साइबर क्राइम टीम ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में फर्जी कॉल सेंटर चलाने के उपकरण बरामद किए हैं। गिरोह का सरगना हत्थे नहीं चढ़ा। गिरोह ने देश के करीब 15 राज्यों में लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाया है।

सोमवार की दोपहर पुलिस लाइन में एसपी क्राइम मनीष सोनकर ने प्रेस वार्ता की। बताया कि आशुतोष सिटी में कमरा किराए पर लेकर फर्जी कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा था। यहां काम करने वाले गिरोह के सदस्य लोगों को कॉल करते और ऑनलाइन बेटिंग और गेमिंग एप पर पैसा लगाने का लालच देते थे। इसके लिए आरोपियों ने महादेव, महाकाल नाम का फर्जी बेटिंग एप भी बनाया था। पुलिस को इस गिरोह की भनक उस वक्त लगी जब एनसीआरपी (नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल) पर दर्ज एक शिकायत से संबंधित मोबाइल नंबर और पीड़ित के खाते में जिस ट्रांजेक्शन आईपी के जरिए सेंधमारी की गई, उसकी जांच की जा रही थी। ट्रांजेक्शन आईपी से मिले मोबाइल नंबर की लोकेशन आशुतोष सिटी में मिली। साइबर क्राइम टीम ने आशुतोष सिटी के मकान में जाकर छापामार कार्रवाई की तो इस ठगी का भंडाफोड़ हुआ।


हिरासत में आरोपी व घटना की जानकारी देते एसपी क्राइम मनीष सोनकर।

- **गिरोह ने करीब 15 राज्यों में सैकड़ों लोगों को ठगी का शिकार बनाया**
- **ट्रांजेक्शन आईपी से मिले मोबाइल नंबर की लोकेशन मिली थी आशुतोष सिटी में**

### मकान में चल रहा था फर्जी कॉल सेंटर

मकान में छापामारी के दौरान पुलिस को एक फर्जी कॉल सेंटर चलता मिला। मौके से नवाबगंज के आदर्शनगर निवासी सूर्यभान पटेल और भुता थाना क्षेत्र के ग्राम कैमुआं कला निवासी विनीत को गिरफ्तार किया गया। गिरोह का सरगना शिवम कुमार भाग गया। पुलिस ने इनके पास से बड़ी तादाद में साइबर क्राइम में इस्तेमाल आने वाला सामान भी बरामद किया जिसमें सात मोबाइल, 3 वाईफाई राउटर, 7 डिजिटल क्यू आर डिवाइस, 1 क्यू आर कोड, 12 सिम कार्ड, रेपर, 7 चेकबुक, 5 बैंक पासबुक, 13 डेबिट कार्ड आदि मिला।

### पुलिस गिरोह का नेटवर्क खंगालने में जुटी

पुलिस ने आरोपियों से जो जानकारी जुटाई है वो हैरान करने वाली है। इन ठगों के तार देश के 15 राज्यों में जुड़े पाए गए। केरल, कर्नाटक, तमिलनाडू, तेलंगाना, झारखंड, हरियाणा, राजस्थान, बिहार, पंजाब, असम, गुजरात, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में सैकड़ो लोगों को शिकार बनाकर लाखों रुपये की ठगी कर चुके हैं। पुलिस इनका नेटवर्क खंगालने में जुटी है।

### लोगों को झांसे में लेकर करते थे ठगी

एसपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि गिरोह बेहद शातिर ढंग से लोगों को अपने जाल में फंसाता था। पहले ये लोगों को फोन कर उनके बताए गेमिंग एप में पैसा निवेश करने लिए उकसाते हैं। उनको अच्छा रिटर्न मिलने का लालच दिया जाता है। जब पीड़ित राजी हो जाता है तो उसको फर्जी गेमिंग और बेटिंग एप का यूआरएल भेजकर बैंक खाते का क्यूआर भेजते हैं। इसके बाद उनका पैसा अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिया जाता है। बाद में पीड़ित को गेमिंग और बेटिंग एप में पैसा हार जाने का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

## बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाने वाला पकड़ा

**बरेली, अमृत विचारः** प्रेमनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलाने वाले युवक को दबोच लिया। थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि रविवार रात पुलिस एकतानगर चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। तभी सूचना मिली कि एक युवक बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर अपराध करता है। पुलिस ने झूलेलाल द्वार के पास से युवक को पकड़ लिया।

आरोपी ने अपना नाम अजय निवासी अहलादपुर थाना इज्जतनगर बताया। आरोपी के पास से बाइक बरामद हुई, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। जबकि उसके गाड़ी के बैग में एक और नंबर प्लेट मिली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

## तो फाइलों में दफन हो जाएगी तौहीद की मौत की जांच!

**सेटेलाइट नाला कांड**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **हादसे के सात दिन बीतने के बाद बाद भी रिपोर्ट अधूरी, बैठकों में व्यस्त हैं अधिकारी**
- **सीसीटीवी में कैद है मौत का मंजर, फिर भी दोषियों को बचाने की चल रही कोशिश**

**अमृत विचारः** सेटेलाइट बस स्टैंड के पास 24 मार्च की रात नाले में गिरकर मरे युवक के मामले की जांच खुद 'हादसे' का शिकार होती दिख रही है। सात दिन बीत जाने के बाद भी जांच कमेटी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

हरदोई के तौहीद की मौत 12 फीट गहरे नाले में गिरकर हुई थी जिसे खुला छोड़ देना नगर निगम के निर्माण विभाग की बड़ी लापरवाही थी। 30 घंटे के कड़े रेस्क्यू के बाद शव तो मिल गया, लेकिन सात दिन बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि इस मौत का असली जिम्मेदार कौन है। सिस्टम की यह सुस्ती साफ संकेत दे रही है कि तौहीद की जान की कीमत फाइलों में दबती जा रही है। जांच के लिए गठित दो सदस्यीय कमेटी में अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय और अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी हैं। सोमवार को रिपोर्ट सौंपने की अंतिम तिथि थी, लेकिन विभागीय औपचारिकताएं और बयानों के खेल में इसे फिर टाल दिया गया। हालांकि सोमवार को अपर नगर आयुक्त ने मौके पर जाकर खानापूर्ति के लिए स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किए, जबकि घटना का पूरा मंजर सीसीटीवी फुटेज में पहले से ही कैद है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि सोमवार को रिपोर्ट आनी थी, लेकिन किसी कारणवश तैयार नहीं हो सकी।

## किशोरी से छेड़छाड़ में दोषी को 3 वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** छेड़छाड़ का विरोध करने पर किशोरी से मारपीट करने व धमकी देने के आरोपी थाना किला क्षेत्र निवासी राजू गुप्ता को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट कुमार मयंक ने 3 वर्ष कारावास व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

- **कोर्ट ने 15 हजार जुर्माने की सजा भी सुनायी**

सरकारी वकील सीपी गुप्ता ने बताया कि पीड़िता के भाई ने थाना किला में तहरीर देकर बताया था कि 7 मार्च 2022 को करीब 12 बजे राजू ने उसकी बहन का बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। तब वह व उसका भाई मौके पर आए और राजू को पकड़ लिया। राजू ने मारपीट की, जिससे चोटें आईं। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने विवेचना के बाद छेड़छाड, मारपीट, अपमानित करने, धमकी देने, पॉक्सो व एससी एक्ट के तहत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। कोर्ट ने विचारण में एससी/एसटी एक्ट व अपमानित करने के आरोप से बरी कर दिया। अभियोजन ने 9 गवाह पेश किए।

## महिला की हत्या मामले में आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

- **प्रेमनगर क्षेत्र में आपसी विवाद में गई थी महिला की जान**

**बरेली, अमृत विचारः** मामूली कहासुनी के बाद हुए विवाद में महिला की गला दबाकर हत्या करने के मामले में सोमवार को प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ब्रहम्पुरा निवासी मो. नदीम खां ने 26 मार्च को प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मो. नदीम, समीर, अरसल, मो. अजीम, कलीम विवाद के बाद घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देकर घर में ईंट पत्थर फेंके। उसकी मां मारुफ से हाथापाई की, जिसमें उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई थी।

सोमवार को प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र अरसल और मो. नदीम को गिरफ्तार कर लिया। नदीम ने बताया कि उनके बेटे अरसल की 25 मार्च की रात इमरान से हंसी मजाक में कहासुनी हो गई थी जिसकी शिकायत इमरान ने उसकी पत्नी जेबा से की थी। इमरान पे उसके परिवार के लोगों से भी बदतमीजी की। इसकी जानकारी होने पर वह इमरान के घर गए तभी यह घटना हो गई। प्रेमनगर थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया।

## बकाया न चुकाने वाले 34 वाहनों के परमिट होंगे निरस्त

**बरेली, अमृत विचारः** कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में परिवहन व्यवस्था को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।

सचिव पंकज सिंह की ओर से प्रस्तुत उन 34 जनभार वाहनों के चालान प्रकरणों पर कड़ा निर्णय लिया गया, जिनकी 90 दिनों की समय सीमा समाप्त हो चुकी थी। प्राधिकरण ने इन वाहन स्वामियों को सहमत राशि जमा करने के लिए 15 दिन का अंतिम अवसर प्रदान किया। साथ ही निर्धारित समय में भुगतान न होने पर परमिट निरस्त करने की बात कही। इसके अतिरिक्त, सीएनजी ऑटो-रिक्शा परमिट हस्तांतरण के 24 प्रकरणों में से 22 को स्वीकृति दी गई, जबकि दो मामलों में स्पष्ट आख्या न होने के कारण निर्णय स्थगित रखा गया। कमिश्नर ने भविष्य की योजनाओं के दृष्टिगत, मंडल के उन कस्बों का सर्वे करने के निर्देश दिए हैं जहां वर्तमान में ऑटो-रिक्शा या टेम्पो टैक्सी केंद्र उपलब्ध नहीं हैं। बैठक का सफल संचालन आरटीए सचिव पंकज सिंह द्वारा किया गया।

- **सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए**

## तेज रफ्तार स्कूटी पोल से टकराई, किशोर की मौत


घटना स्थल पर लोगों से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किला इलाके में सोमवार देर रात स्कूटी अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गई। हादसे में स्कूटी सवार किशोर की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

किला थाना के मोहल्ला जखीरा निवासी यूनुस (16) सोमवार रात 10:30 बजे स्कूटी से जा रहा था। स्कूटी की रफ्तार तेज थी। मोहल्ला घेर शेख मिट्ठू खां के पास वह स्कूटी से नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे बिजली के पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में यूनुस की मौत हो गई। सूचना मिलते ही किला पुलिस मौके पर पहुंची। बताते हैं कि हादसे में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। किला इंस्पेक्टर सुभाष कुमार ने बताया कि हादसे में किशोर की मौत हो गई है। परिजनों की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है।

### डंपर की चपेट में आया युवक, चली गई जान

**बरेली, अमृत विचार :** बाइक से गिरकर युवक डंपर की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इज्जत नगर थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार रात करीब 10:00 बजे बाइक से तीन युवक सौ फुटा रोड पर जा रहे थे। बाइक अनियंत्रित होने से पीछे बैठा विपुल कुमार (22) निवासी डेलापीर सड़क पर गिर गया। बराबर से निकल रहे डंपर की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर उसे निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।







## शिवा हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई


एसएसपी कार्यालय में ज्ञापन देते पहुंचे विधि मंच के अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचारः** इज्जतनगर क्षेत्र में शिवा पटेल हत्याकांड के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को अपनादल (एस) के जिलाध्यक्ष एड अनुज कुमार गंगवार के नेतृत्व में विधि मंच के अधिवक्ताओं ने एसएसपी कार्यालय में ज्ञापन दिया। पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग करके आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई को कहा। वरिष्ठ अधिवक्ता ज्वाला प्रसाद गंगवार, भानु गंगवार, रवि पटेल, बरेली बार के उपाध्यक्ष हुलसीराम, कालीचरण गंगवार, जयपाल सिंह, विवेक गंगवार मौजूद रहे।

## लंगड़ाते हुए जेल गया जिला बदर ऋषभ

**बरेली, अमृत विचार :** दुबई से लौटे दूसरे समुदाय के युवक के साथ मारपीट कर वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले जिला बदर आरोपी ऋषभ ठाकुर को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी इस दौरान लंगड़ाते हुए दिखाई दिया। पुलिस उसके फरार दोस्तों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

सीओ प्रथम आशुतोष शिवम के मुताबिक शनिवार शाम शोएब अपने पड़ोस की दूसरे समुदाय की छात्रा के साथ टहल रहा था। ऋषभ व उसके साथियों ने वीरांगना चौक के पास दोनों को रोककर पूछताछ के बाद शोएब की पिटाई की। छात्रा के पिता को बुलाकर उसे उनके साथ भेज दिया। शोएब ने बताया कि वह दुबई में काम करता है। घटना के वक्त उसकी जेब से सात हजार रुपये ऋषभ ने निकाल लिए। खाते में दो हजार ऑनलाइन भी डलवा लिए।

## यक्ष एप में रिकार्ड की जाएगी बदमाशों की आवाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **आवाज से पुलिस कर सकेगी अपराधियों की पहचान**

**अमृत विचार :** अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए यक्ष एप अब पुलिस के लिए रामबाण साबित होगी। इस एप में वाइस सर्च जोड़ दिया गया है जिसके तहत बदमाशों की गिरफ्तारी के समय उनकी आवाज भी रिकॉर्ड की जाएगी। इससे भविष्य में बदमाश की पहचान आवाज से भी कराई जा सकेगी। इससे फायदा यह होगा कि वह अपराधी दोबारा किसी भी जिले में पकड़ा जाएगा तो पहचान आसानी से की जा सकेगी।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि किसी भी आरोपी को पकड़ने पर उसका फोटो, फिंगरप्रिंट और आवाज का सैंपल डाटा एप के जरिए सुरक्षित रखा जाएगा। इससे भविष्य में फोन पर धमकी देने, फिरौती मांगने या भीड़भाड़ में छिपे अपराधियों की पहचान आसानी से की जा सकेगी। यक्ष एप में पहले से ही कई महत्वपूर्ण फीचर मौजूद हैं। किसी भी मामले में आरोपी की गिरफ्तारी होने पर उसका फोटो, आपराधिक इतिहास और अन्य जानकारी इसमें दर्ज की जा रही है। फोन कर शेयर ट्रेडिंग फ्राड और डिजिटल अरेस्ट के मामले में यक्ष एप आने वाले दिनों में कारगर साबित होगा। प्रदेश में पुलिस किसी भी आरोपी को साइबर अपराध के मामले में गिरफ्तार कर उसकी आवाज रिकार्ड करेगी। भविष्य में साइबर ठगी के मामलों में यदि पीड़ित पुलिस को आरोपियों से हुई बातचीत का रिकॉर्ड उपलब्ध कराते हैं तो पुलिस यक्ष एप के जरिए एआई की मदद से आवाज की पहचान कर सकती है। इससे पुलिस को साइबर ठगी और डिजिटल अरेस्ट के मामलों का पर्दाफाश करने में मदद मिलेगी। एआई की मदद से फोन पर आवाज बदलकर धमकी देने या भीड़ में नारेबाजी करने वालों की पहचान भी हो सकेगी।

# महावीर जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

## जगह-जगह फूलों से स्वागत, 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया, गूंजते रहे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** चैत्र शुक्ल त्रयोदशी पर भगवान महावीर स्वामी का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। रामपुर गार्डन स्थित जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जो विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर बिहारीपुर जैन मंदिर पहुंची और बाद में दोबारा रामपुर गार्डन लौटकर धर्मसभा में परिवर्तित हो गई।

कार्यक्रम की शुरुआत मंदिरों में भगवान के अभिषेक, शांति धारा और नित्य पूजन से हुई। इसके बाद 48 दीपों की आरती कर हरा ध्वज दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया गया। बागपत से आईं झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर



शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार



शोभायात्रा में भाग लेते बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग। ● अमृत विचार

● **झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र उत्साहित दिखे श्रद्धालु**

शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर भजनों पर झूमते नजर आए। जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान भक्ति और आस्था का संगम देखने को मिला। सह मंत्री सतेंद्र कुमार जैन ने भगवान महावीर के अहिंसा सिद्धांत को आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। मीडिया प्रभारी सौरभ जैन ने सहअस्तित्व और सहिष्णुता के संदेश को अपनाने की अपील की। पंडित विकास जैन ने युवाओं को आत्म संयम का संदेश दिया। अंत में धर्मसभा और सहभोज का आयोजन हुआ। आयोजन में सुनील कुमार जैन, अनिल कुमार जैन, अतुल जैन, धनंजय जैन, सतेंद्र जैन, अनुभव जैन, मीनेश जैन, हनी जैन, रुचि जैन, आदि जैन, डॉ. पीके जैन, राजीव जयपति, सुमन कुमार जैन, देवेंद्र जैन, पूनम जैन, लवी जैन, साधना जैन, चेतना जैन, त्रिशला जैन, सुमन जैन अरोड़ा, अश्वनी जैन, अलका जैन, संगीता जैन, रीता जैन, अर्चना जैन, राजेश जैन, संजय जैन, अंकुर जैन, भूपेंद्र जैन, राजेंद्र जैन, राजकुमार जैन, सतीश जैन, मीरा जैन, सुनीता जैन आदि का सहयोग रहा।

# एल्गोरिदमिक युग में भारत की रक्षा नीति पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **बरेली कॉलेज में युवा संवाद में एआई आधारित युद्धकला व वैश्विक संकटों पर रक्षा विशेषज्ञों ने रखे विचार**

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के रक्षा एवं रणनीतिक अध्ययन विभाग एवं फोरम फॉर ग्लोबल स्टडीज के संयुक्त तत्वावधान में एल्गोरिदमिक युग में भारत की रक्षा नीति विषय पर ऑनलाइन संवाद हुआ। इसमें तीनों सेनाओं से जुड़े वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञों ने भाग लिया।

लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी, एयर वाइस मार्शल ओम प्रकाश तिवारी, कोमोडोर अनिल जय सिंह, एयर कमोडोर डॉ. अश्मिंदर सिंह बहल ने आधुनिक युद्धकला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और एल्गोरिदम की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तकनीकी विकास के साथ युद्ध के स्वरूप में तेजी से बदलाव हो रहा है, जिसमें डेटा और स्वचालित प्रणालियां निर्णायक बनती जा रही हैं। वक्ताओं ने वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों, विशेषकर मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की संभावित कीमतों में वृद्धि और ईरान से जुड़े परमाणु मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और भारत की सक्रिय कूटनीति को महत्वपूर्ण बताया। भारत को पश्चिम और मध्य-पूर्व के बीच एक भरोसेमंद मध्यस्थ के रूप में भी रेखांकित किया गया। भारत की समुद्री और सामरिक सुरक्षा तैयारियों, जैसे एनसीआई नेटवर्क, आईमैक्स और मरीन डोमेन अवेयरनेस सिस्टम पर भी चर्चा हुई। प्राचार्य ओपी राय ने ऐसे संवाद जारी रखने की बात कही। डॉ. संदीप त्रिपाठी,समन्वयक डॉ. यशार्थ गौतम आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### जल संरक्षण व मतदाता जागरुकता अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाइयों ने जल जीवन मिशन एवं मतदाता जागरुकता पर अभियान चलाया। कार्यक्रम प्राचार्य ओम प्रकाश राय के संरक्षण में डॉ. यशार्थ गौतम और डॉ. बृजवास कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। पहले चरण में विधि विभाग के प्रभारी डॉ. संजय यादव ने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि नागरिक का कर्तव्य भी है। दूसरे चरण में स्वयंसेवकों ने सिकलापुर और खुर्रम गौंटिया क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छ पेयजल के महत्व और जल संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लीलेंद्र, तरुण, आदर्श, शौकत स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### रिजल्ट देखकर इठलाए बच्चे, दिखा उत्साह

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। रिजल्ट मिलने पर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। शहर के रहपुरा चौधरी स्थित परिषदीय विद्यालय में मुख्य अतिथि शिक्षक नेता अरुण कुमार मिश्रा और संघ कार्यकर्ता ओम राज विश्नोई ने प्रधानाध्यापक हरीश बाबू शर्मा के साथ बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए। मेधावी छात्रों को ज्योमेट्री बॉक्स, पेन व कॉपियां देकर सम्मानित किया। शिक्षा सत्र के अंतिम दिन जिले में 14 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इनमें कुछ शिक्षक ऐसे हैं, जिन्होंने दो वर्ष पूर्व ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुना था।

### एसआरएमएस सीईटी में हैकाथॉन दो अप्रैल से

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 2 से 4 अप्रैल तक तीन दिवसीय हैकाथॉन 4 .0 का आयोजन होगा। सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए तकनीकी समाधान'' थीम पर आधारित आयोजन में छह राज्यों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। कॉलेज के प्रिंसिपल एवं इवेंट डायरेक्टर डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में तमिलनाडु, हैदराबाद, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली-एनसीआर से 205 प्रतिभागियों की 60 टीमें भाग लेंगी। इनमें 130 बालक और 75 बालिकाएं शामिल हैं। देशभर से 123 नवाचारी आइडिया प्राप्त हुए थे, जिनमें से विशेषज्ञों ने 96 को शॉर्टलिस्ट किया। 60 टीमों का चयन किया। विजेता टीमों को एक लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

### दिव्यांग कर्मचारियों को दीं स्कूटी और साइकिलें

**बरेली,अमृत विचार :** स्टाफ बेनिफिट फंड के तत्वावधान में सोमवार को यांत्रिक कारखाना पूर्वोत्तर रेलवे परिसर में दिव्यांग कर्मचारियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य कारखाना प्रबन्धक अशोक कुमार, स्टाफ बेनिफिट फंड के अध्यक्ष व कारखाना कार्मिक अधिकारी मुनिराज मीणा, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर प्लांट रजत प्रताप आदि मौजूद रहे।

# वात्सल्य स्कूल में विशेष बच्चों के लिए लगा स्वास्थ्य शिविर




विशेष बच्चों के दांतों की जांच करतीं इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की डॉक्टर।

**बरेली, अमृत विचार:** इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज बरेली द्वारा ओरल हेल्थ मंथ के अवसर पर वात्सल्य स्कूल में विशेष बच्चों के लिए स्वास्थ्य एवं मौखिक जांच शिविर का आयोजन किया गया।

विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बच्चों के दांतों और मसूड़ों की जांच की तथा सही ब्रश करने, संतुलित आहार और दांतों की नियमित देखभाल के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को सरल और प्रभावी तरीकों से मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के उपाय समझाए। बच्चों ने खेल-खेल में ब्रशिंग तकनीक सीखी, चित्रकारी, रंग भरने और इंटरएक्टिव गेम्स में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्हें दांतों की सफाई और अच्छे-बुरे खानपान के बारे में सरल तरीके से समझाया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को ओरल हाइजीन किट वितरित की गई और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# बैडमिंटन : रोहन ने सिंगल्स लीग मुकाबला जीता

**बरेली, अमृत विचार :** महानगर में चल रही बैडमिंटन प्रतियोगिता में सोमवार को 70 प्लस वर्ग के युगल सेमीफाइनल में डॉ. नरेंद्र और यश की जोड़ी ने गौरव और सौरभ को 24-22, 13-21, 21-15 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका मुकाबला हेमंत रावत और उमा कांत की जोड़ी से होगा। वहीं, एकल के आखिरी लीग मुकाबले में रोहन ने उमा कांत को 21-15, 15-21, 21-16 से हराकर जीत दर्ज की। आयोजकों ने बताया कि मंगलवार को तीन फाइनल मुकाबले और 40 प्लस वर्ग का एक सेमीफाइनल खेला जाएगा। 1 अप्रैल को 40 प्लस और 100 कंबाइन एज ग्रुप के शेष युगल फाइनल मैच आयोजित होंगे। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. उमेश गौतम खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे।

# हैंडबॉल में यूपी ने उड़ीसा को 27-12 से हराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली




खिलाड़ियों के साथ डीएम अविनाश सिंह, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल व संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता शुरू, भाग ले रहीं 27 टीमें**

**अमृत विचार :** फ्यूचर विश्वविद्यालय में सोमवार से 54 वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता शुरू हो गई। देश भर से 27 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आरंभ जिलाधिकारी अविनाश सिंह और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने किया। अतिथियों ने टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन 5 मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला उत्तर प्रदेश और उड़ीसा के मध्य खेला गया। इसमें उत्तर प्रदेश ने उड़ीसा को 27-12 से हराया। दूसरा मुकाबला लक्षद्वीप और झारखंड के मध्य खेला गया। इसमें झारखंड ने 28-16 से जीत हासिल की। तीसरे मुकाबले में तमिलनाडू ने मध्य प्रदेश को 17-11 से हराया। चौथा मुकाबला छत्तीसगढ़ ने उत्तराखंड से 17-04 से जीत लिया। पांचवे मुकाबले में आंध्र प्रदेश ने केरल को 14-06 से हराया।

इससे पहले उद्घाटन समारोह में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना जैसे गुणों का भी विकास करते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं को बड़ा मंच बताते हुए खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय खिलाड़ियों को नई दिशा मिलती है। इंडियन हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आनंदेश्वर पांडे ने अतिथियों को धन्यवाद दिया। जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक धर्मेंद्र गुप्ता, जिला अध्यक्ष आशीष गुप्ता, सचिव रौनक सिंह बग्गा, अभिमन्यु गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, आरएसओ चंचल मिश्रा, महासचिव फसील बेग आदि उपस्थित रहे।

# पेंशन 75 सौ रुपये करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** न्यूनतम पेंशन 75 सौ रुपये प्रतिमाह करने, महंगाई भत्ता (डीए) जोड़ने की मांग को लेकर ईपीएस-95 पेंशनरों ने सोमवार को भविष्य निधि कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। पेंशनभोगियों ने सरकार से दो अप्रैल तक मांगें लागू करने की अपील की। पेंशनरों का कहना है कि केंद्र सरकार ने पहले एक संसदीय समिति का गठन किया था, जिसने मार्च 2026 की शुरुआत में ही न्यूनतम पेंशन 75 सौ रुपये करने और डीए देने की संस्तुति की थी। बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

धरने में मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत समेत कई जिलों से बड़ी संख्या में पेंशनर शामिल हुए। जिसकी



नारेबाजी कर प्रदर्शन करते पेंशनर। ● अमृत विचार

● **पेंशनरों ने धरना-प्रदर्शन कर अफसरों को सौंपे ज्ञापन**

अगुवाई राष्ट्रीय स्तर की संघर्ष समिति ने की। अध्यक्षता बरेली के अध्यक्ष एके अरोरा ने की। प्रगतिशील सांस्कृतिक मंच ने जोशीले गीतों से आंदोलन में ऊर्जा भर दी। बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि देश के 700 से अधिक जिलों में इसी मुद्दे को लेकर धरना-प्रदर्शन किए जा चुके हैं। डीए दिया जाए और पति-पत्नी दोनों को आयुष्मान भारत सहित बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। पेंशनरों ने ज्ञापन भविष्य निधि कार्यालय के कमिश्नर और डीएम को सौंपा। जितेंद्र मिश्रा, आरएस शर्मा, गंगा प्रसाद, अशोक मिश्रा, आरके गुप्ता, चिरंजीव गौड़, सीके शर्मा, महेश अग्रवाल, वेदपाल, सुंदर शर्मा, आरसी त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

# छात्रवृत्ति की शैक्षणिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह ने कहा कि छात्रवृत्ति छात्रों के शैक्षणिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। मुख्य अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ सुशील कुमार ठाकुर, असिस्टेंट रजिस्ट्रार अरविंद कुमार सैनी, उप-प्रधानाचार्या डॉ अनीता पी ने छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रमाण पत्र वितरण



छात्र को प्रमाण पत्र देते अतिथि।

कार्यक्रम में नर्सिंग के छात्रों के अलावा पैरामेडिकल, फॉर्मेसी, आयुर्वेदिक मेडिकल के छात्र एवं मैनेजमेंट के छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया।

## सिटी डायरी

### आरके सुपरकिंग्स बनी आईडीए प्रीमियर लीग चैंपियन



**बरेली, अमृत विचार :** आईडीए कैंट क्रिकेट प्रीमियर लीग में पुरुष वर्ग का खिताब आरके सुपरकिंग्स ने अपने नाम किया। बच्चों में अयांश ब्लास्टर्स और महिला वर्ग में अल्फा एंजल्स ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में बरेली रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 174 रन बनाए। आरके सुपरकिंग्स की टीम ने 175 रन बनाकर मैच जीत लिया। पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब डॉ. महेश त्रिपाठी, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज डॉ. दिनेश राय और सर्वश्रेष्ठ फील्डर डॉ. सुधांशु को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार आदित्य मूर्ति को मिला। महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज डॉ. सीमा माहेश्वरी, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज डॉ. नेहा और सर्वश्रेष्ठ फील्डर डॉ. चारु रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विश्राम सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रवीश अग्रवाल सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### चैलेंजर ट्रॉफी: गोल्डी इलेवन ने 25 रन से जीता खिताब



बरेली, अमृत विचार : गोल्डी इलेवन ने द्वितीय रामा मिश्रा उप चैलेंजर ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले मेंजेके मैक्स इलेवन को 25 रन से हराया। फाइनल मुकाबला कानपुर के टीएसएच ग्राउंड पर खेला गया। टॉस जीतकर जेके मैक्स इलेवन के कप्तान संदीप मल्होत्रा ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोल्डी इलेवन ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेके मैक्स 11 की टीम 140 रन पर ऑल आउट हो गई। शानदार प्रदर्शन के लिए अनुज शर्मा को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। राहुल कपूर को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार मिला। मैच के बाद बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विजेता टीम को बधाई दी। गोल्डी इलेवन के मैनेजर ओपी कोहली ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### पुरानी पेंशन के लिए एक अप्रैल को काला दिवस मनाएगा अटेवा

**बरेली, अमृत विचार :** नई पेंशन योजना लागू किए जाने के विरोध में अटेवा ने एक अप्रैल को काला दिवस मनाने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय आह्वान पर जिलाध्यक्ष डॉ. मुनीष कुमार गंगवार के नेतृत्व में सोमवार को इस्लामिया इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज सहित विभिन्न संस्थानों में जागृति अभियान चलाया गया। अटेवा के जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुरानी पेंशन सेवानिवृत्ति के बाद सुरक्षित जीवन की गारंटी थी, जबकि बाजार आधारित एनपीएस ने कर्मचारियों के भविष्य को अनिश्चितता और असुरक्षा में डाल दिया है। शिक्षक डॉ रजनीश गंगवार, जिला प्रवक्ता ललित चौधरी,डॉ. राजेंद्र गंगवार, सौरभ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# नाखून चबाने का दांतों और मुख स्वास्थ्य पर सीधा असर

**बरेली, अमृत विचार :** वर्तमान समय में बच्चों और युवाओं में नाखून चबाने की आदत आम हो गई है। यह आदत अक्सर तनाव, चिंता या बोरियत के कारण विकसित होती है। इसका सीधा असर दांतों और मुख स्वास्थ्य पर पड़ता है।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल कॉलेज के विशेषज्ञों का कहना है कि नाखून चबाने से सबसे पहले दांतों की ऊपरी परत (इनेमल) घिसने लगती है, जिससे दांत कमजोर और संवेदनशील हो जाते हैं। लगातार दबाव पड़ने से दांतों में दरार (क्रैक) या टूट-फूट भी हो सकती है। नाखूनों में मौजूद गंदगी और बैक्टीरिया मुंह में पहुंचकर दांतों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे कीड़ा लगने की संभावना बढ़ जाती है। बच्चों को इस आदत से दूर रखने के लिए उनके नाखून छोटे और साफ रखने चाहिए। उन्हें सकारात्मक गतिविधियों में व्यस्त रखना चाहिए।

# सात का वार, संचारी रोग की होगी हार...

**बरेली, अमृत विचार:** जिले में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए ''सात का वार संचारी रोग की होगी हार'' अभियान दो अप्रैल से शुरू किया जाएगा। इसमें लोगों को मलेरिया, डेंगू के कारण व बचाव की जानकारी दी जाएगी। वहीं 10 अप्रैल से दस्तक के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के बारे में जागरूक करेंगी।

# मटकापुर में विकास कार्यों में धांधली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **जांच समिति की प्राथमिक रिपोर्ट में पाई गई अनियमितता**

**अमृत विचार :** विकास खंड भदपुरा की ग्राम पंचायत मटकापुर में कराए गए विकास कार्यों में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। जांच रिपोर्ट में नाला निर्माण और हैंडपंप रिबोर कार्यों में वित्तीय गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। अब जिम्मेदारों को नोटिस जारी कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इस पूरे मामले की जांच परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण एवं तकनीकी मूल्यांकन के लिए मनोज नायक, सहायक अभियन्ता, बदायूं सिचाई

> जांच समिति की प्राथमिक रिपोर्ट में गड़बड़ी होने की पुष्टि हुई है। जिम्मेदार लोगों को नोटिस जारी कर जल्द ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। **-कमल किशोर,** जिला पंचायत राज अधिकारी

परियोजना निर्माण खण्ड ने की। जांच के दौरान शिकायतकर्ता वीरपाल सिंह, रामविलास, राजवीर सिंह, मनु उर्फ प्रवीण यादव, ग्राम प्रधान राजकुमार समेत ग्रामवासी उपस्थित थे। जांच के अनुसार ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम ब्राहिमपुर मजरा में पंचायत घर से तालाब तक नाला निर्माण की मजदूरी भुगतान को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि श्रमिकों की जगह ग्राम प्रधान के परिजनों के खातों में धनराशि भेजी गई। जांच के दौरान संबंधित व्यक्तियों से फोन पर बातचीत में स्पष्ट हुआ कि उन्होंने काम नहीं किया। जबकि उनके खातों में 9660-9660 रुपये का भुगतान किया गया। हैंडपंप रिबोर के मामले में भी गड़बड़ी सामने आई है। प्राथमिक विद्यालय ब्राहिमपुर के पास लगे हैंडपंप के नाम पर 61 हजार रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। जबकि उस हैंडपंप में चार वर्षों से कोई कार्य नहीं हुआ।



## न्यूज ब्रीफ

### वृद्धाश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** कायस्थ सेना कल्याण परिवार की प्रेरणा से वृद्धाश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा आचार्य मुमुक्षु दद्दा महाराज सुना रहे हैं। कार्यक्रम में कायस्थ सेना कल्याण परिवार के प्रदेश अध्यक्ष आलोक प्रधान एडवोकेट, सुशील सिंह, राजेंद्र पाल सिंह, संरक्षक संजीव कुमार सक्सेना, नीलम सक्सेना, रविन्द्र नाथ श्रीवास्तव, श्यामदीप सक्सेना, सुनील सक्सेना एडवोकेट, आलोक सक्सेना एडवोकेट, अजय सक्सेना, सीमा प्रधान आदि मौजूद रहे।

### पिता-पुत्र ने एक साथ शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की

**बरेली, अमृत विचार :** मेहनत और लगन की मिसाल पेश करते हुए यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) बरेली के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह और उनके बेटे अमन प्रताप सिंह ने एक साथ शिक्षक पात्रता परीक्षा पास की है। भानु प्रताप सिंह ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के क्रम में करीब 27 वर्ष की सेवा और 50 वर्ष की उम्र पार करने के बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना उनके लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। यह सफलता उन्हें वैसी ही खुशी दे रही है जैसी हाईस्कूल पास करने पर मिली थी। उन्होंने प्राथमिक और जूनियर दोनों स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की, जबकि उनके बेटे ने जूनियर स्तर की परीक्षा पहले ही प्रयास में पास कर ली।

### नारी तू नारायणी विषय पर हुई प्रतियोगिता

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में सोमवार को छात्र इकाइयों की ओर से चौथे एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। पहले सत्र में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी तू नारायणी विषय पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता बढ़ाना रहा। दूसरे सत्र में यातायात कार्यालय बरेली से पहुंचे पुलिस कर्मियों ने ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। सब इंस्पेक्टर विनीत शर्मा, कांस्टेबल पूजा और कांस्टेबल बलराम ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजिता सिंह तिवारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमिता गुप्ता ने दिया। डॉ. शीतल गुप्ता उपस्थित रहीं।

# रुहेलखंड विवि में सछास कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं और समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कुलपति के नाम ज्ञापन दिया।

बड़ी संख्या में छात्र एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय पहुंचे और कुलपति से मुलाकात की मांग की। बताया गया कि कुलपति बाहर हैं, इस पर नेताओं ने नारेबाजी कर वीसी कार्यालय के बाहर धरना दिया। जिला अध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने कहा कि हालिया नियुक्तियों में पारदर्शिता का अभाव है, इसमें आरक्षण नियमों की अनदेखी के गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। चेतावनी दी कि निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।


प्रदर्शन करते सछास कार्यकर्ता।

छात्रावासों में खराब भोजन, पेयजल संकट, साफ-सफाई की कमी और मच्छरों को लेकर भी नाराजगी जताई। वहीं, टीसी व माइग्रेशन प्रक्रिया ऑनलाइन करने और शुल्क वृद्धि का भी विरोध किया। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति के नाम ज्ञापन रजिस्ट्रार हरीश चंद को सौंपा। सौरभ यादव, पिक्कू यादव, सुदेश यादव, समीर, मनीष शर्मा, आदिल, अमन, तसलीम आदि मौजूद रहे।

## जिले में सीबीएसई के हैं 94 स्कूल, सिर्फ केंद्रीय विद्यालयों में है एक जैसा एनसीईआरटी का सिलेबस

# हर साल बदल देते हैं सिलेबस, अभिभावकों की परवाह नहीं

मिशन एडमिशन




कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** स्कूलों में नए एडमिशन हो रहे हैं, तमाम बच्चे दूसरी कक्षाओं में प्रमोट हुए हैं। अपने बच्चों के भविष्य के लिए चिंतित अभिभावक स्कूलों की मनमानी झेलने को मजबूर हैं। कोर्स के नाम पर निजी स्कूलों को खेल अभिभावकों पर भारी पड़ रहा है। हर साल बदलता सिलेबस जेब पर भारी पड़ता है।

जिले में सीबीएसई बोर्ड के 94 स्कूल हैं। इसमें सात केंद्रीय विद्यालय हैं बाकी सब निजी स्कूल है। सीबीएसई बोर्ड के तहत सभी स्कूलों का सिलेबस एक जैसा होना चाहिए लेकिन निजी स्कूल मनमानी पर आमादा हैं। कोर्स के दाम तो हर साल बढ़ ही जाते हैं ऊपर से बार-बार बदलता सिलेबस हलकान कर रहा है। अभिभावकों का कहना है कि जब बोर्ड एक है तो सभी स्कूलों में किताबें भी एक जैसी ही होनी चाहिए। सोमवार को जीआईसी के पास किताबें लेने आए शाहिद खान का भांजा एक निजी स्कूल में यूकेजी में पढ़ता है, उनके साथ में खरीदारी कर रहे अरविंद सक्सेना की बेटी दूसरे स्कूल में यूकेजी में है। क्लास एक ही हैं लेकिन दोनों के सिलेबस में अंतर है और दाम भी अलग ही थे। ऐसे कई अभिवावक सिलेबस को लेकर स्कूलों की मनमानी पर अंकुश की बात कह रहे थे।


कोतवाली के सामने दुकान पर बच्चों के लिए कोर्स खरीदते अभिभावक। ● अमृत विचार


किताबों का मिलान करते अभिभावक।

> जीएसटी कम होने के कारण इस बार कॉपियों के दाम कम हुए हैं। इससे अभिभावकों को आराम मिला है। किताबों में भी दाम नहीं बढ़ाए गए हैं। स्कूल के हिसाब से सिलेबस दिया जाता है। हर स्कूल का सिलेबस थोड़ा अलग होता है।
> – **गुरु मेहरोत्रा**, पुस्तक विक्रेता



### एक साल का सिलेबस दूसरे के नहीं आता काम

अभिभावकों का यह भी कहना है कि परिवार के दो बच्चे आगे-पीछे क्लास में हैं तो दोनों के लिए हर साल नया सिलेबस खरीदना पड़ता है। पुराना सिलेबस किसी दूसरे बच्चे के काम नहीं आता है।

### कॉपियों के बिना नहीं मिल रहा सिलेबस

अभिभावकों का कहना है कि दुकानदार कॉपियों और स्टेशनरी के बिना सिर्फ किताबें नहीं देते। मजबूरी में किताबों के साथ कॉपियां और अन्य गैर जरूरी सामान भी लेना पड़ रहा है।

# मेहनत की कलम से लिखी सफलता की इबारत

## यूपीपीएससी परीक्षा में बरेली के सात होनहार चमके, तीन युवाओं ने पहले प्रयास में हासिल की कामयाबी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से रविवार रात 2024 की मुख्य परीक्षा के जारी परिणाम में बरेली के सात होनहार चमके हैं। तीन ने पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त की। इनके घरों में खुशी का माहौल है।


आकांक्षा सक्सेना।

शहर के दुर्गानगर निवासी आकांक्षा सक्सेना ने पहले प्रयास में यूपीपीएससी 2024 की परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार के पद पर अपना चयन पक्का किया। फोन पर हुई बातचीत में आकांक्षा ने बताया कि अभी वह प्राथमिक विद्यालय बिचपुरी में सहायक अध्यापक के पद पर हैं। आकांक्षा की मां संगीता सक्सेना कांती देवी सरस्वती विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। बेटी की सफलता पर माता के साथ पिता ने भी हर्ष जताया। कांती कपूर सरस्वती विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या ने पूर्व छात्रा को विद्यालय बुलाकर सम्मानित किया। आकांक्षा ने सफलता का श्रेय मां, परिवार व शिक्षकों को दिया।

### 192 वीं रैंक लाकर बने नायब तहसीलदार



**बरेली :** बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के बेटे कुशाग्र प्रकाश ने यूपीपीएससी की परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार बने हैं। कुशाग्र ने 10 वीं व 12 वीं दीवान पब्लिक स्कूल मेरठ से करने के बाद आईआईटी धनबाद से इंजीनियरिंग की। वर्तमान में वह कॉरपोरेट कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने 192 वीं रैक प्राप्त की है। पिता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि बेटे की मेहनत का उसे फल मिला है।

### अतहर जमाल कार्य अधिकारी, सुरेश बने नायब तहसीलदार





**बरेली :** बहेड़ी के दो लोगों ने यूपीपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की है। सिमरा भोगपुर गांव के सुरेश बाबू का नायब तहसीलदार व अतहर जमाल खान का कार्य अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। मुंडिया नबी बख्श रोड स्थित सिमरा भोगपुर गांव के रहने वाले सुरेश ने 257 रैंक प्राप्त की है। साक्षात्कार के उपरांत रिजल्ट घोषित होने पर उन्हें नायब तहसीलदार का पद मिला है। सुरेश के पिता खेतिहर मजदूर हैं। उनके भाई नरेश पिता के साथ काम में हाथ बंटाते हैं। वर्तमान में सुरेश बदायूं में एक ब्लॉक में श्रवण बाधित बच्चों के शिक्षक हैं। सुरेश ने चौथे प्रयास में यह सफलता प्राप्त की है। अभी वह लखनऊ मे हैं। उन्हें रात में किसी परिचित ने फोन कर रिजल्ट की जानकारी दी। नायब तहसीलदार के पद पर चयन होने पर उसके पिता सेवा राम, माता नेमा देवी बहुत खुश हैं।

### तीसरे प्रयास में मिली सफलता, बने बीडीओ



**बरेली :** तहसील फरीदपुर के गांव रमपुरा प्रवीण के हरिओम सिंह ने तीसरे प्रयास में यूपीपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उनका चयन खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के पद पर हुआ है। दो प्रयास में नाकामी मिलने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी। दिल्ली में रहकर तैयारी की। परिवार में पीएसी से सेवानिवृत्त पिता बालक व माता पुष्पा देवी के अलावा एक भाई व बहन हैं। हरिओम की सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है।

### 67वीं रैंक हासिल कर उपासना बनीं बीडीओ



**बरेली, अमृत विचार :** यूपीपीएससी-2024 के अंतिम परिणाम में सनराइज कॉलोनी की उपासना का चयन खंड विकास अधिकारी के पद पर हुआ है। उपासना ने प्रदेश स्तर पर 67 वीं रैंक हासिल की है। उनके पिता धर्म सिंह मर्छाल मुरादाबाद में एडिशनल एसपी हैं। वह बरेली में सीओ रह चुके हैं। मूल रूप से उत्तराखंड निवासी उपासना ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीटेक की डिग्री ली। तकनीकी शिक्षा पूरी करने के बाद उनका रुझान सिविल सेवा की ओर हुआ। 2020 से उन्होंने दिल्ली में कोचिंग और फिर सेल्फ स्टडी के जरिए तैयारी शुरू की। 2023 में पहले प्रयास में सफलता नहीं मिली, इसके बाद कमियों पर फोकस कर 2024 की परीक्षा में शानदार वापसी करते हुए सफलता हासिल की। उपासना ने बताया कि वह प्रतिदिन आठ से दस घंटे सेल्फ स्टडी और ऑनलाइन माध्यमों से पढ़ाई को देती थीं। उनकी मां भावना गृहिणी हैं।

### किसान का बेटा बना असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्यकर

**बरेली, अमृत विचार:** सिरौली क्षेत्र के गांव गुलड़िया अरिल के शैलेन्द्र कुमार यादव ने यूपीपीएससी परीक्षा में 53 वीं रैंक हासिल की है। उनका चयन असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्यकर के पद के लिए हुआ है। शैलेन्द्र ने हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा चंदौसी तथा बीएससी बरेली से कर दिल्ली में रहकर तैयारी की थी। पहली बार में ही परीक्षा पास कर ली है। पिता रूम सिंह गांव रहकर खेती करते हैं। मां गृहणी हैं। बड़े भाई यूपी पुलिस में हैं। बेटे की इस सफलता से गांव और रिश्तेदारों में खुशी की लहर है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बांटे स्मार्टफोन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कलेक्ट्रेट सभागार में लखनऊ से कार्यक्रम का हुआ प्रसारण

**अमृत विचार:** छह वर्ष से छोटे बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और मुख्य सेविकाओं की कार्यशैली स्मार्ट बनाने के लिए उन्हें स्मार्टफोन और ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित की गई। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम में कार्यकत्रियों और मुख्य सेविकाओं ने लखनऊ के लोक भवन सभागार से सजीव प्रसारण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुना।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने जिले की 207 मुख्य सेविकाओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन और 780 ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित कीं। 8 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए जो योजनाएं सरकार चला रही है, उनका लाभ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की ओर से आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। उनके कार्य को गति देने और सहज बनाने के लिए उन्हें स्मार्टफोन और उपकरण प्रदान किये गये हैं। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि यह प्रयास किया जा रहा है कि समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शत प्रतिशत स्मार्ट फोन व डिवाइस वितरित की जा सकें, जिससे उनकी कार्यशैली स्मार्ट हो जाए। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, बहरोहन लाल मौर्य, सीडीओ देवयानी आदि उपस्थित रहे।

**नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण :** जिले में तीन करोड़ 48 लाख की लागत से बनाए जा रहे 6 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास किया गया, जबकि 7 करोड़ 56 लाख की लागत से बने 63 नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र के भवनों का लोकार्पण किया गया।


आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन देते जनप्रतिनिधि और डीएम। ● अमृत विचार

# अंडरपास की मांग, आंदोलन की चेतावनी

- किसान एकता संघ ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली-बदायूं राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के बीच किसानों की सुरक्षा का मुद्दा गरमाता जा रहा है। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. रवि नागर के नेतृत्व में किसानों ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर उत्कर्ष शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर कोहनी प्रतापपुर गांव के सामने अंडरपास निर्माण की पुरजोर मांग की है। इसके लिए आंदोलन की चेतावनी दी।

रवि नागर ने कहा कि किसान चार महीनों से आंदोलनरत हैं और जिलाधिकारी को भी कई बार अवगत कराया जा चुका है। सिटी मजिस्ट्रेट ने भी 27 फरवरी 2026 को इस संबंध में सकारात्मक संस्तुति दी थी, लेकिन एनएचएआई की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ज्ञापन देने वालों में युवा प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा और मंडल अध्यक्ष जयसिंह यादव, डॉ. अंशु भारती, टीटू यादव, गिरीश गोस्वामी, संजय पाठक, पप्पू, धनपाल मौर्य, संजय यादव, धन्य प्रधान, वीरेंद्र गुर्जर, रिजवान, सतेंद्र वर्मा, जुगेंद्र समेत बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

# आला हजरत की यौमे पैदाइश पर मनाया जश्न

**बरेली, अमृत विचार:** दरगाह आला हजरत पर सोमवार को दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हानी मियां व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की सरपरस्ती में आला हजरत के 175 वे यौमे पैदाइश के मौके पर जश्न मनाया गया। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि मुफ्ती आकिल रजवी, मुफ्ती सलीम नूरी, मुफ्ती अय्यूब नूरी, मौलाना अबरार उल हक़, मुफ्ती जमील, मुफ्ती जईम रजा आदि लोग मौजूद रहे।

वही सुरखा बानखाना पर मरकज ए अहले सुन्नत वेलफेयर ट्रस्ट कार्यालय पर जश्न में अल्हाज मोहसिन हसन खान, हस्सान रजा, साजिद रज़ा, सय्यद रिजवान, मुजफ्फर रजा आदि लोग मौजूद रहे। किला की सराय वाली मस्जिद में मौलाना गुलाम रब्बानी, मौलाना अनीस उल क़ादरी, साजिद रज़ा, छीपी टोला की मीत वाली मस्जिद में औरंगजेब नूरी, अमान रजा, कटघर की सकलैनी मस्जिद में जोहिब रज़ा आदि ने लड्डू तकसीम कर जश्न मनाया।

इसके अलावा सिविल लाइन स्थित मस्जिद नोमहला शरीफ दरगाह नासिर मियां पर भी कार्यक्रम किया गया। बरेली हज सेवा समिति के पम्मी खां वारसी ने कहा कि आला हजरत इल्म की रौशनी है उनके ज्ञान के पैगाम ने समाज को जागरूक किया।

## कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में सामूहिक विवाह पर चर्चा

**बरेली, अमृत विचार:** 12 अप्रैल को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने के लिए सोमवार को ब्रह्मपुरा स्थित कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में बैठक की। वक्ताओं ने कहा कि सामूहिक विवाह समाज में सहयोग और सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न समितियों के गठन का निर्णय लिया। भोजन व्यवस्था, पंडाल, रजिस्ट्रेशन, अतिथि सत्कार और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श किया। अध्यक्ष केपी सेन गंगवार, उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार, रामऔतार गंगवार, मूलचंद गंगवार, मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार, युधिष्ठर प्रसाद गंगवार, खेमेन्द्र पाल सिंह, भद्र पाल गंगवार, तेज पाल गंगवार समेत समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।




## सिटी डायरी

### वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया



**बरेली, अमृत विचार :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय जूनियर हाईस्कूल करगैना में छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा फल बांटा गया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रधानाचार्य शिवलेश चन्द्र पाण्डेय व शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने पुरस्कृत किया। शिक्षिका प्रीति सक्सेना 30 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुईं। उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राम कुमार सक्सेना, सर्वेश यादव, ज्ञानेंद्र यादव, शैलेन्द्र सक्सेना, विपिन गंगवार, स्मिता भदौरिया, रूप किशोर, इशिका यादव, निशा, किरण, धर्मेन्द्र सक्सेना, अशोक सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को श्रीराम के आदर्शों की जानकारी दी



**बरेली, अमृत विचार :** अखंड ज्योति पब्लिक स्कूल लालफाटक में सोमवार को हुई बाल सभा में बच्चों को श्रीराम के आदर्शों की जानकारी दी। बाल रामायण के रचयिता डॉ दीपंकर गुप्त ने कहा कि सनातन परंपराओं, आस्थाओं, महापुरुषों को याद रखते हुए उनके आदर्शों को पुन : जागृत करने के उद्धेश्य से विभिन्न विद्यालयों में भावी पीढ़ी को परिचित कराने के उद्देश्य से नियमित बाल सभाएं आयोजित कर रहे हैं। प्रधानाचार्य रमेश चंद्र चंदोला, अध्यापक प्रदीप सिंह, सचिन यादव, मुकुल कुमार, श्वेता, शिवानी, ज्योति यादव, पारुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं ने दिखाया उत्साह



**बरेली, अमृत विचार :** अवंतीबाई लोधी कन्या महाविद्यालय में सोमवार को रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य दीपा अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। रेंजर्स ने टेंट निर्माण का प्रदर्शन किया। रेंजर्स रियांशी सिंह, श्वेता पाठक और शिखा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। पिंकी शर्मा, अंशिका पटेल, तुलसी, वर्षा, प्रियंका और ईशा पांडे ने स्वागत गीत गाया। अंजलि और वर्षा ने लोकगीत प्रस्तुत किया। नोटबुक प्रतियोगिता में ऋचा श्रीवास्तव प्रथम, आरुषी गुप्ता द्वितीय और वर्षा तृतीय रहीं। बेस्ट यूनिफॉर्म का पुरस्कार मदर टेरेसा इकाई की दामिनी कश्यप और कल्पना चावला इकाई की पिंकी शर्मा को मिला। बेस्ट रेंजर्स का खिताब श्वेता पाठक और रियांशी को प्रदान किया गया। डॉ. निशा वर्मा, डॉ. हिमशिखा यादव, डॉ. अनु महाजन, सुरभि श्रीवास्तव का सहयोग रहा।

### बेदी इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव इनोवेशिया की धूम




**अमृत विचार :** बेदी इंटरनेशनल स्कूल में ईस्ट मीट्स वैस्ट की थीम पर वार्षिकोत्सव इनोवेशिया और किंडरगार्डन के नन्हे मुन्ने बच्चों का ग्रेजुएशन डे मनाया गया। आरंभ मुख्य अतिथि श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, विद्यालय के चेयरमैन अमनदीप बेदी, डायरेक्टर प्रीतपाल सिंह और प्रधानाचार्या जेके साहनी ने किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। दीक्षांत समारोह के अंतर्गत यूकेजी से क्लास वन में प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं को गाउन पहनाकर स्कॉल दिए गए। हिलक्रेस्ट हाउस को विजेता ट्राफी, वुडलैंड हाउस को फर्स्ट रनरअप और ओकलैंड हाउस को सेकंड रनरअप ट्रॉफी प्रदान की गई। संचालन विशाखा भटनागर, नीमा नागरथ, नाजिश शमसी अक्षरा, अदीफा, साक्षी, रमित, विधि और आयरा ने किया। विशाल करमचंदानी, सरिता गुलयानी, शिप्रा अग्रवाल, शेफाली राज, शिल्पा मिश्रा, रोहित, जोशू मैसी, राधा सक्सेना, मिनी अग्रवाल का योगदान रहा।